भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2346
उत्तर देने की तारीख 15 मार्च, 2023

वाई-फाई एक्सेस पाइंट्स

2346. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
डॉ.डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) ढांचे के अंतर्गत महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थापित किए गए वाई-फाई एक्सेस पाइंट्स (पब्लिक डाटा आफिसों) की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) पीएम-वाणी योजना के अंतर्गत की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार को उक्त योजना से अपनी ई-गवर्नेंस पहल और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने में किस प्रकार मदद मिली है; और
(घ) उक्त योजना से उपर्युक्त क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों में ब्लॉक-वार और राज्य-वार कितनी सहायता मिली है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) दिनांक 09.03.2023 की स्थिति के अनुसार, पीएम-वाणी फ्रेमवर्क के तहत महाराष्ट्र और तमिलनाडु में क्रमश: 15374 और 7412 वाई-फाई हॉटस्पॉट लगाए गए हैं।

(ख) पीएम-वाणी फ्रेमवर्क का शुभारंभ दिनांक 09.12.2020 को किया गया था। पीएम-वाणी को लोकप्रिय बनाने के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। दिनांक 09.03.2023 की स्थिति के अनुसार, पीएम-वाणी फ्रेमवर्क के तहत देश में 1,47,764 वाई-फाई हॉटस्पॉट लगाए गए हैं।

(ग) और (घ) पीएम-वाणी फ्रेमवर्क का उद्देश्य डिजिटल इंडिया बनाने, डिजिटल अंतर को समाप्त करने तथा इसके परिणामस्वरूप लाभ प्राप्त करने के लिए देश में वाई-फाई एक्सेस प्वांइट्स स्थापित करके इंटरनेट सेवाओं के प्रसार को गति देना है।

दिनांक 09.03.2023 की स्थिति के अनुसार पीएम-वाणी फ्रेमवर्क के तहत लगाए गए हॉटस्पॉटों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है। ब्लॉक-वार ब्यौरे का अनुरक्षण नहीं किया जाता है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 15.03.2023 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2346 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध

पीएम-वाणी फ्रेमवर्क के तहत लगाए गए हॉटस्पॉट की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल वाई-फाई हॉटस्पॉट
अंडमान और निकोबार	246
आंध्र प्रदेश	6057
अरुणाचल प्रदेश	598
असम	856
बिहार	3767
चंडीगढ़	256
छत्तीसगढ़	2796
दिल्ली	40521
गोवा	422
गुजरात	4036
हिमाचल प्रदेश	937
हरियाणा	3739
झारखंड	1000
जम्मू और कश्मीर	1478
कर्नाटक	18807
केरल	4899
लद्दाख	371
लक्षद्वीप	1
महाराष्ट्र	15374
मेघालय	147
मणिपुर	9
मध्य प्रदेश	7095
मिजोरम	1
नागालैंड	76
ओडिशा	2811
पंजाब	3682
पुदुचेरी	89
राजस्थान	2766
सिक्किम	13
तेलंगाना	4230
तमिलनाडु	7412
त्रिपुरा	301
उत्तराखंड	892
उत्तर प्रदेश	8234
पश्चिम बंगाल	3845
कुल	147764

******